26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 13 जून, 2026

अंक- 229 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## बिजनौर में सामूहिक नकल और अनुशासनहीनता का मामला सामने आने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के एक महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल और अनुशासनहीनता का मामला सामने आने के बाद गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने मामले को तत्काल प्रभाव से यूएफएम (अनुचित साधन) समिति को सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कुलपति प्रो. माहेश्वरी ने शुक्रवार को बिजनौर जिले के चार महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना तथा परीक्षाओं के उपरांत उत्तर-पुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन एवं जमा प्रक्रिया का जायजा लेना था। इसी दौरान द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा से संबंधित उत्तर-पुस्तिकाओं के गहन परीक्षण में एक महाविद्यालय में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में कई विद्यार्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं में एक जैसे उत्तर लिखे पाए गए, जिससे सामूहिक नकल की आशंका प्रबल हो गई। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि संबंधित छात्रों ने परीक्षा अवधि में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अनुशासनहीन व्यवहार किया था, जिसे विश्वविद्यालय प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

# असम में वायुसेना का AN-32 मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त

### जोरहाट एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान क्रैश

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** असम के जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर आज भारतीय वायुसेना का एक एएन-32 मालवाहक विमान लैंडिंग के तुरंत बाद आग की चपेट में आ गया। इस घटना के बाद एयरबेस पर अफरा-तफरी मच गई और तुरंत इमरजेंसी रिस्पॉन्स शुरू कर दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, जैसे ही विमान रनवे पर उतरा, उसमें अचानक आग लग गई और उससे घना धुआं उठने लगा। यह नजारा काफी भयावह था, जिसे देखते ही एयरपोर्ट और वायुसेना की फायर और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया, ताकि आग फैलने से रोका जा सके। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक हादसा उस समय हुआ जब एएन-32 विमान जोरहाट हवाई पट्टी पर उतरने का प्रयास कर रहा था। हालांकि भारतीय वायुसेना की ओर से अभी तक इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच कराई जाएगी और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही विस्तृत जानकारी सामने आने की संभावना है। फिलहाल प्रशासन और वायुसेना के अधिकारी घटनास्थल पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।



## फ्रांस, स्लोवाकिया यात्राओं से यूरोप तथा जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे- मोदी



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि फ्रांस और स्लोवाकिया की उनकी यात्राओं से यूरोप और जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे। श्री मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले आज एक वक्तव्य में कहा कि उनकी ये यात्राएं यूरोपीय महाद्वीप और उससे आगे भी भारत की साझेदारियों का दायरा बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता को भी बताती हैं। श्री मोदी ने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13-18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा। उन्होंने कहा, भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में फ्रांस का एक खास स्थान है। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत का दौरा किया था, तब हमने अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया था। जब मैं नीस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिलूंगा, तो हम फरवरी के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और अपने सहयोग के अगले कदमों पर चर्चा करेंगे। मैं आपसी हित के अहम वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री मोदी ने कहा कि वह फ्रांसीसी शहर नीस में 14 जून को राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत इनोवेट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

## विधानसभा चुनाव 2027 में रालोद के सामने खड़ा होगा बड़ा संकट

# घट सकती हैं आधी से ज़्यादा सीटें

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियों और रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी सीटों में बड़ी कटौती का सामना करना पड़ सकता है जिसको लेकर पार्टी के भीतर अभी से मंथन शुरू हो गया है। दरअसल 2022 में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन में पश्चिमी यूपी में 33 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली रालोद इस बार शायद आधी से भी कम सीटों पर संतोष करे।



भाजपा के सूत्रों की मानें तो एनडीए के भीतर चल रही सीट-शेयरिंग की बातचीत में यह मुद्दा अब चर्चा का केंद्र बन गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रालोद ने 33 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और 8 सीटें जीती थीं। जिन सीटों पर जीत मिली थी उनमें छपरौली, थाना भवन, बुढ़ाना, सिवालखास, मीरापुर, पुरकाजी (एससी), शामली और सदाबाद शामिल हैं। इस चुनाव में 19 सीटों पर पार्टी दूसरे नंबर पर रही, 5 पर तीसरे और खेरागढ़ में चौथे स्थान पर। लेकिन इन 33 में से 25 सीटों पर अब भाजपा के विधायक हैं, इसलिए रालोद अब उन सीटों पर दावा नहीं कर सकती। रालोद के एक वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया, पार्टी ने भाजपा से बैक-चैनल बातचीत शुरू कर दी है ताकि उसे पश्चिमी यूपी और रोहिलखंड में उन सीटों पर मौका मिले जहां भाजपा को सपा से हार मिली थी। इनमें सरधना, किठौर, बेहट, मुरादाबाद ग्रामीण, छर्रा, बहेड़ी और भोजीपुरा शामिल हैं। साथ ही मध्य और पूर्वी यूपी की कुछ सीटों पर भी आरएलडी बात कर रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि रालोद सिर्फ अपने पारंपरिक जाट-गुर्जर वोट बैंक तक सीमित नहीं रहना चाहती। वह मुस्लिम मतदाताओं तक भी पहुंच बनाने की कोशिश में है, जो ऐतिहासिक रूप से सपा या कांग्रेस को वोट देते रहे हैं, इससे भाजपा अपने सामाजिक गठबंधन को और चौड़ा कर सकेगी, बिना अपने मौजूदा विधायकों की सीटें छोड़े।

admission open

SB COLLEGE

(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad

LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)

6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP

Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक गंगा में डूबा

**मंडावर ( चिंगारी )।** रावली गंगा किनारे पिकनिक मनाने गए पांच दोस्तों में से एक युवक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। साथियों और मौके पर मौजूद मजदूरों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मंडावर थाना क्षेत्र ग्राम मौहडिया निवासी आशुतोष भारती (27 वर्ष) पुत्र राजपाल अपने चार दोस्तों हैप्पी नूरपुर, जितेंद्र, अभिषेक और शुभम बिजनौर के साथ रावली सेंचुरी क्षेत्र में बने



## दोस्त रील बनाने में रहे, अभिषेक डूब गया

तटबंध पर घूमने और पिकनिक मनाने गया था। सभी युवक जिला अस्पताल की लैब में कार्यरत बताए गए हैं। पिकनिक के दौरान पांचों दोस्त गंगा में नहाने उतर गए। नहाने के बाद हैप्पी, जितेंद्र, अभिषेक और शुभम बाहर निकल आए और रील बनाने लगे, जबकि आशुतोष तैराकी करता रहा। आशुतोष ने कहा था कि मुझे तैरना आता है मैं गहरे पानी की तरफ जा रहा हूं। इस दौरान आशुतोष अचानक गंगा के तेज बहाव में फंस गया और गहरे पानी में जाने लगा। उसे डूबता देख दोस्तों ने शोर मचाया और मदद के लिए गुहार लगाई। जिस स्थान पर युवक नहा रहे थे, उससे कुछ ही दूरी पर तटबंध को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है, जहां बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं। युवकों की चीख-पुकार सुनकर मजदूर मौके पर पहुंचे और बिना देर किए बचाव कार्य शुरू कर दिया। मजदूरों ने काफी मशक्कत के बाद आशुतोष को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर हालत में पहुंच चुका था। इसके बाद साथियों और मजदूरों ने उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया, मगर उसकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की।

## हीमपुर दीपा थाने का निरीक्षण स्थगित हो गया आखिरी क्षण




**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।।** मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी द्वारा शनिवार को हीमपुर दीपा थाने का वार्षिक निरीक्षण करने का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। निरीक्षण को लेकर पिछले कई दिनों से थाना पुलिस तैयारियों में जुटी हुई थी। थाना परिसर की सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, मालखाने की व्यवस्था, कार्यालय व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया था। क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक हर रोज हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे, लेकिन अंतिम समय में निरीक्षण कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना प्राप्त हुई। क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक के अनुसार डीआईजी का वार्षिक निरीक्षण आगामी दिनों में पुन: हो सकता है। फिलहाल थाना पुलिस पूर्व की भांति सभी व्यवस्थाओं को बनाए रखने में जुटी हुई है, ताकि नई तिथि घोषित होने पर निरीक्षण सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

## भाजपा कार्यकर्ता सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं- हरिओम शर्मा




**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। यह निर्देश भाजपा जिला कार्यालय, बिजनौर में आयोजित जिला मासिक बैठक में दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री नरेश भाटी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए हरिओम शर्मा ने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देते हुए जिला प्रभारी हरिओम शर्मा और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने बूथ समितियों एवं पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करने तथा संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही संगठन की सफलता का आधार है। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिला प्रभारी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन करने तथा पूरी ऊर्जा के साथ क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प दिलाया। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला महामंत्री बल्लास त्यागी, नरेश भाटी, दिनेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष मायापाल, रजनी कालरा, रवि चौधरी, जितेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग 'मोनू', पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, अतुल मारवाड़ी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी, तिलक सैनी, संजीव गुप्ता, सुनील राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाला जाम होने से रॉयल गार्डन हॉल में जलभराव

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान ने एनएचआई के आरई को व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजी शिकायत में कहा कि जलालालबाद रॉयल गार्डन हॉल क्षेत्र में नाला जाम होने के कारण जलभराव की चपेट में है। जिससे उधर से आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का पानी रोड पर जमा हो गया है। पानी की निकासी न हुई तो रोड टूट जाएगी। एनएचआई के अधिकारी के अनुसार यह कार्य पीआईयू यूनिट के अंडर है, फिर भी वह संबंधित विभाग से समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। इसी के साथ मौ. फुरकान खान ने जलालाबाद से समीपुर तक रोड ठीक कराने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया।

## एलआईयू के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर के निधन पर शोक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आम आदमी पार्टी के नेता अबरार अहमद ने एलआईयू के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि राधेश्याम शर्मा एक अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे, उनके निधन से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा है। उन्होंने मृतक की आत्म शांति तथा उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# कुपोषण मुक्त बिजनौर के लिए चलाया जायेगा विशेष अभियान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पोषण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुपोषण की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

## हर ब्लॉक में चुने जायेंगे दो गांव

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विकास खंड में कुपोषण की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कम से कम दो गांवों का चयन किया जाए, जहां कुपोषित सैम (गंभीर तीव्र कुपोषित) और मैम बच्चों के लिए विशेष पोषण अभियान संचालित किया जाए। चयनित गांवों में ऐसे बच्चों की सूची तैयार कर उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, वजन और ऊंचाई का मापन तथा पोषण स्तर की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि गंभीर कुपोषित बच्चों को आवश्यकता अनुसार चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा निर्धारित अवधि में उनके पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। डीएम ने कहा कि बच्चों, किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कोकापुर में लगाकर रात्रि चौपाल ओम कुमार ने जाना ग्रामीणों का हाल



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम कोकापुर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर संवाद एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

कोकापुर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, पुलिस एवं राजस्व आदि से जुड़ी योजनाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ओम कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के विकास, विश्वास एवं जनसेवा के 12 गौरवशाली वर्ष रहे हैं। भाजपा सरकार में विकास की प्रत्येक योजना अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंची। सरकार जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, प्रधान ओमवीर सिंह, जिला मंत्री तिलकराज सैनी, नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार आर्य, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डॉकल अनुराग चौधरी, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, बीईओ वीरेन्द्रपाल सिंह, एडीओ मनोज कुमार, मा.विजयपाल सिंह, दीपअमर राही आदि उपस्थित रहे।

# विकास भवन में बैठने वाले अधिकारी अपना ही विकास कर रहे-पाशा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों व मजलूमों के अधिकारों की लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी। तहसीलों व थानों में रिश्वतखोरी व पक्षपात का विरोध भी जारी रहेगा, चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी कुर्बानी देनी पड़े।



एमआर पाशा ने दिव्यांगों, मजलूमों व गरीबों की उपेक्षा पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नौकरी मिलने के बाद अधिकारी व कर्मचारी खुद को राजा समझने लगते हैं। वह आम जनता की समस्याओं का न तो गंभीरतापूर्वक समाधान करते हैं और न ही उन्हें सम्मान देते हैं। आम जनता के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। थानों व तहसीलों सहित अन्य विभागों में दिव्यांगों व गरीबों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। अधिकारियों के पास दिव्यांगों की समस्याएं सुनने का वक्त नहीं है। जब दिव्यांग उनके पास अपनी समस्याएं लेकर जाते हैं, तो उन्हें सम्मान नहीं मिलता।

## दिव्यांगों और मजलूमों के हक़ की लड़ाई रहेगी जारी

दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शत-प्रतिशत मिलना चाहिए। साथ ही कम से कम 5 हजार रुपए की मासिक पेंशन भी मिलनी चाहिए। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डूडा सहित जनपद में कई ऐसे विभाग हैं, जहां पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। विकास भवन में बैठने वाले अधिकारी अपना ही विकास कर रहे हैं, उन्हें दिव्यांगों व गरीबों सहित आम जनता की कोई चिंता नहीं है।

## कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बाइक से जसपुर जा रहा एक व्यक्ति पीछे से आ रही एक कार की चपेट में आकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। काशीपुर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर यूपी-उत्तराखंड सीमा के निकट स्थित ग्राम अंगदपुर निवासी राकेश कुमार (48 वर्ष) पुत्र विजयपाल सिंह उत्तराखंड की जसपुर तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल के साथ सहायक के तौर पर रहता है। वह प्रतिदिन बाइक से जसपुर जाता है। रोजमर्रा की तरह आज भी राकेश मोटरसाइकिल से प्रातः लगभग 10 बजे अंगदपुर से जसपुर जा रहा था कि रायपुरी बॉर्डर के पास पीछे से आ रही कार की चपेट में आकर राकेश बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L



9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount



4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## ये हमें किस मोड़ पर ले आये?

देश की आज़ादी के लिये अपना सारा जीवन खपा देने वाले महापुरूषों ने क्या ये सोचा होगा कि देश जब आज़ाद हो जायेगा, तब एक ऐसा भी दौर आयेगा कि सच बोलने पर जेल जाने का डर होगा। सिर पर गांधी टोपी और बदन पर गाढ़े ( खादी ) का कुर्ता-पाजामा पहनकर अंग्रेजों से लोहा लेने वाले उन वीरों ने क्या ये सोचा होगा कि सात समंदर पार बैठा एक सिरफिरा तानाशाह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हुकम चलायेगा कि उसे किस देश के साथ कैसे संबंध रखने हैं, और किस देश से क्या खरीदना है, क्या नहीं। देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिये अपने प्राणों की बाजी लगा देने वाले क्रांतिकारियों ने कब ये सोचा होगा कि एक दिन ऐसा आयेगा कि जब नेताओं के लिये कुर्सी, देश से बड़ी हो जायेगी।

आज़ादी के बाद भारतीय संविधान की रचना करने वाले बाबा साहेब और अन्य पुरोधाओं ने ये कहां सोचा होगा कि जिस संविधान के रूप में वे भारत की जनता को लोकतंत्र की आचार संहिता सौंप रहे हैं, उस संविधान की शपथ लेने वाले नेता, लोकतंत्र की ही आत्मा को कुचलने लगेंगे। आजादी के बाद आधुनिक और प्रगतिशील देश की बुनियाद रखने वाले नेताओं ने ये कब सोचा होगा कि देश में कभी कोई ऐसी सरकार भी आयेगी, जो अपने काम, कार्यक्रम और अपनी उपलब्धियां बताने से ज्यादा पूर्व की सरकारों की कमियां और नाकामियां गिनायेगी।

ये लोग किस मोड़ पर ले आये देश को, कि जनता दिशाहीनता का शिकार हो गई है। एक बड़ा वर्ग तो सोचने और समझने की शक्ति ही खो बैठा है। और कुछ लोग किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो गये हैं। करोड़ों नौजवान जो बड़ी-बड़ी डिग्री लेकर सड़कों पर बेरोजगार घूम रहे हैं, उनको काकरोच और परजीवी कहकर उनके जख्म पर नमक छिड़का जा रहा है। आदमी की पहचान उसके लिबास और भोजन से की जाने लगी है। सिस्टम के विरूद्ध आवाज़ उठाने वालों को देशविरोधी, अर्बन नक्सली तथा पाकिस्तानपरस्त कहा जाने लगा और सरकार के विरोध को देश का विरोध बताया जा रहा है। जनता को नैतिकता, राष्ट्रवाद और मितव्ययता की नसीहत देने वाले मंत्री और जज साहेबान सरकारी खर्च पर लंदन में बैडमिंटन खेल रहे हैं।

# आती-जाती सत्ता के साथ बदलती नेताओं की वफ़ादारी

**-संजय सक्सेना, लखनऊ**

पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जहां वफादारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, वहीं क्या सियासत की दुनिया में वफादारी सबसे सस्ती चीज होती है? आज यह सवाल हर तरफ पूछा जा रहा है। क्या जब तक सत्ता का 'सूरज' चमकता रहता है, दरबार में भीड़ लगी रहती है। लेकिन जैसे ही सूरज 'अस्ताचल' होने लगता है, सियासी 'महफिल' में सन्नाटा छा जाता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस वक्त ठीक यही हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बाद तृणमूल कांग्रेस की बगावत ने पार्टी को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है। दिल्ली से कोलकाता तक पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की मनमानी के खिलाफ पार्टी के 20 लोकसभा सांसदों और 58 से अधिक विधायकों ने मोर्चा खोल दिया है। वैसे यह महज एक पार्टी का संकट नहीं है, यह भारतीय लोकतंत्र के उस गहरे घाव को उजागर करता है, जिसे मौकापरस्ती का नासूर कहते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा ने 45.43 प्रतिशत वोट पाकर सत्ता पर कब्जा किया और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का वोट शेयर 7.16 प्रतिशत गिर गया। विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम में ममता बनर्जी की पार्टी को मात्र 80 सीटें मिलीं। ममता बनर्जी के 35 में से 22 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा, यानी करीब 63 प्रतिशत मंत्री चुनाव हार गए। खुद ममता बनर्जी भी अपने पुराने गढ़ भवानीपुर में हार गईं। पंद्रह साल की सत्ता का यह अंत था, लेकिन असली तमाशा इसके बाद शुरू हुआ। पिछले 14 दिन में ही पांच बड़े नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपनी राज्यसभा सीट भी छोड़ दी है। जिस सुखेंदु शेखर राय को ममता का सबसे भरोसेमंद सिपाही माना जाता था, उन्होंने जाते-जाते भाजपा की तारीफ में पत्र लिखा। 14 बागी सांसद भाजपा के राष्ट्रीय रणनीतिकार और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर लंच के लिए जुटे, जहां पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। यह लंच महज खाने का नहीं, सियासी पाला बदलने का आयोजन था। बागियों की फेहरिस्त लंबी है। काकोली घोष दस्तीदार, जगदीशचंद्र बसुनिया, खलीलुर्रहमान, यूसुफ पठान, अबू ताहिर खान, पार्थ भौमिक, बापी हलदार, सायोनी घोष, माला रॉय, मिताली बाग, दीपक अधिकारी, जून मालिया, अरूप चक्रवर्ती और शत्रुघ्न सिन्हा समेत 19 सांसदों के नाम बागी सूची में हैं। टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने खुलकर कहा कि भारी भ्रष्टाचार की वजह से पार्टी की हार हुई है। उन्होंने संकेत दिये कि वे एनडीए का समर्थन करेंगी और अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए मौजूदा सरकार के साथ काम करेंगी। टीएमसी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता शांतनु सेन ने भी पार्टी से इस्तीफा देकर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व को चुनौती दी, लेकिन यह बीमारी सिर्फ तृणमूल की नहीं है। भारतीय राजनीति का पूरा इतिहास ऐसे मौकापरस्तों से भरा पड़ा है, जिन्होंने सत्ता के लिए अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को ताक पर रख दिया। 2014 में जब नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा ने ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया, तब से कांग्रेस का एक के बाद एक बड़ा चेहरा पार्टी छोड़ता चला गया। गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, हेमंत बिस्वा सरमा, जगदंबिका पाल, अदिति सिंह काफी लंबी लिस्ट है। राहुल-प्रियंका के सबसे करीबी आरपीएन सिंह तक ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। ये वो लोग थे, जो कभी गांधी परिवार के सबसे करीबी माने जाते थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ही पलट दी और सीधे केंद्र में मंत्री बन गए। महाराष्ट्र कांग्रेस के बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और अगले ही दिन भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में निर्णय लेने की क्षमता नहीं है। अमरिंदर सिंह, जो पंजाब के मुख्यमंत्री रहे और जिन्होंने पाकिस्तान से लड़ाई तक की बात की थी, वे भी कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी बनाकर बाद में भाजपा की गोद में जा बैठे। नारायण राणे, जो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे, उन्होंने भी यही रास्ता चुना।

भारतीय राजनीति का पूरा इतिहास ऐसे मौकापरस्तों से भरा पड़ा है, जिन्होंने सत्ता के लिए अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को ताक पर रख दिया। 2014 में जब नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा ने ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया, तब से कांग्रेस का एक के बाद एक बड़ा चेहरा पार्टी छोड़ता चला गया। गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, हेमंत बिस्वा सरमा, जगदंबिका पाल, अदिति सिंह काफी लंबी लिस्ट है। राहुल-प्रियंका के सबसे करीबी आरपीएन सिंह तक ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। ये वो लोग थे, जो कभी गांधी परिवार के सबसे करीबी माने जाते थे।

# अवसरवादी राजनीति का बोलबाला



डा. सुधाकर आशावादी

इसे राजनीति का अवसरवादी चरित्र मानें या सत्ता सुख के लिए मन परिवर्तन, लेकिन राजनीति में दल-बदल ऐसा हो गया है, जैसे किसी बिस्तर की चादर बदलना हो। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस में बगावत यही संकेत दे रही है, कि विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रति निष्ठावान बने रहने का स्वांग रचकर सत्ता की मलाई खाने वाले तत्वों का सत्ता से बेदखल होते ही मन परिवर्तित हो जाए, इसका पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है। राजनीति का यह दोगला चरित्र ही लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। दल-बदल कानून अपनी जगह है और मन बदल अपनी जगह। बात केवल तृणमूल कांग्रेस में बगावत तक सीमित नहीं है। भारत में अवसरवादी राजनीति दशकों से की जा रही है। एक समय हरियाणा की राजनीति में आया राम-गया राम चरित्र का बोलबाला था। उसके बाद कोई ऐसा दल नहीं बचा, जो अवसरवादी राजनीति का शिकार न बना हो। वस्तुस्थिति है, कि जैसे-जैसे राजनीतिक दलों का कुनबा बढ़ता है, वैसे-वैसे कुनबे को एकजुट रखना आसान कार्य नहीं रह जाता। जिस प्रकार बड़े परिवार को संगठित रखना सरल नहीं होता, उसी प्रकार राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना सहज नहीं होता। राजनीति में उच्च पद की चाह किसे नहीं होती, उच्च पदों तक पहुंचने के लिए साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडे अपनाकर राजनीति को रोजगार बनाने वाले अवसरवादी तत्व जब राजनीति को अपना कारोबार बना लेते हैं, तब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती ही है और राजनीतिक दलों में आंतरिक कलह होता है। कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य कोई राजनीतिक दल, सभी में ऐसी स्थिति कभी न कभी अवश्य बनी, जब सत्ता सुख भोगने की चाह में आया राम-गया राम अपना असली चेहरा दिखाने के लिए विवश होते हैं। सभी राजनीतिक दलों के लिए सब दिन एक से नहीं रहते। कौन कह सकता था कि आधी सदी तक देश की सत्ता में सिरमौर बनी रहने वाली कांग्रेस इतनी अस्तित्वहीन हो जाएगी, कि उसे क्षेत्रीय दलों की कृपा पर निर्भर रहना पड़ेगा। कब किस राजनीतिक दल के दुर्दिन शुरू हो जाएं, कोई नहीं जानता। जनसाधारण को भ्रमित करके क्षेत्रीय दल सत्ता प्राप्त करते ही इतने घमंडी हो जाते हैं कि सत्ता शीर्ष पर बने रहने का दंभ पाल लेते हैं, आगे चलकर यही दंभ उनके पतन का कारण बन जाता है। आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस भी इसी दंभ का शिकार हुई। विधायकों और सांसदों का दल-बदल कम बड़ी बात नहीं है। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में टूट भी राजनीति में महत्वाकांक्षा पूर्ति के लिए ही हुई। अब तृणमूल कांग्रेस भी इसका शिकार बनी है। यहां इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि राजनीति में शुचिता की बात बेमानी है। राजनीति के हमाम में सभी वस्त्रहीन हो गए हैं। ऐसे में राजनीति का और कितना पतन होना है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। (विनायक फीचर्स)

# खनन से भरे डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** दो बाइकों की आमने-सामने की हुई टक्कर के बाद एक खनन से भरे डंपर की चपेट में आने से ग्राम बड़ी बनी निवासी 16 वर्षीय अजमल की मृत्यु हो गई। इस घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है।


सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर जमा भीड़ व खड़ा डंपर।

शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी बनी निवासी मुनीर अहमद (45वर्ष) बाइक द्वारा अपने 16 वर्षीय पुत्र अजमल के साथ नगीना की तरफ आ रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी बाइक रायपुर-नगीना मार्ग पर ग्राम बेलड़ी के पास पहुंची तो सामने चल रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही एक बाइक से सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में दूसरी बाइक पर सवार नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मानवाला निवासी 30 वर्षीय गौरव कुमार व दूसरी बाइक पर सवार पिता-पुत्र बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे डंपर ने 16 वर्षीय अजमल को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना में मृतक के पिता मुनीर आलम गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नगीना सरकारी अस्पताल से बिजनौर रैफर कर दिया गया। इस घटना में घायल गौरव कुमार का भी नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी का कहना है कि आरोपी डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है तथा मृतक किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा गया है।

# फोरलेन हाईवे पर कार की टक्कर से बालक की मौत

**नगीना ( चिंगारी )। हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर पैदल सड़क पार कर रहे ग्राम हसन अलीपुर भोगन निवासी 10 वर्षीय बालक अक्षय की कार की टक्कर से मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों को पुलिस ने समझा- बुझाकर शांत किया। अज्ञात में आरोपी कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने शव को पोस्टपार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।**


पोते अक्षम की मौत के बाद सरकारी अस्पताल परिसर में बिलखती उसकी दादी जयावती।

शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम हसन अलीपुर भोगन निवासी 10 वर्षीय अक्षय पुत्र सतीश कुमार अपनी बुआ शिवानी के साथ खेत से घर पैदल जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह दोनों गांव के ऊपर जा रहे फोरलेन हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे तभी धामपुर की दिशा से आई तेज रफ्तार कार ने छात्र अक्षय को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से छात्र अक्षय गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में अक्षय को परिजन सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम बालक की सड़क दुर्घटना में मौत का समाचार मिलने पर गुस्साए परिजनों को थाना अध्यक्ष अवनीतमान ने समझाकर शांत किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरोपी कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को कार सहित शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। पुलिस ने मृतक बालक की दादी जयावती की तहरीर पर अज्ञात में आरोपी कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बालक की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## सऊदी अरब जा रहे साले से मिलने जा रहा था

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बाइक द्वारा ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वह सऊदी अरब जा रहे अपने साले से मिलने के लिए ससुराल जा रहा था। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम अमाननगर उर्फ हर्रायवाला निवासी शराफत कस्सार का पुत्र नदीम अहमद (25 वर्ष) शुक्रवार को देर शाम तक पहले अपने भाई के साथ पीलीडैम क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए गया था। देर शाम तक उसने मछलियां पकड़ीं और कुछ मछलियां लेकर वह रात्रि लगभग 9:30 बजे कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मेघपुर स्थित अपनी ससुराल के लिए बाइक द्वारा चल दिया। जैसे ही वह बनेली नदी के पुल के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। घायल नदीम को उपचार हेतु सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों के लिखित अनुरोध पर रेहड़ पुलिस ने बिना पीएम कराए नदीम के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। नदीम की 2 वर्ष पूर्व मेघपुर निवासी अरीना परवीन से शादी हुई थी। नदीम की मौत से उसके घर एवं ससुराल में कोहराम मच गया। मृतक नदीम का साला मौ. मोईन जो काम के सिलसिले में पहली बार सऊदी जा रहा था, बेहद गमगीन माहौल में सऊदी के लिए आज सुबह रवाना हुआ।



# कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग पर एक कार व मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नहटौर थाना क्षेत्र के गांव सीकरी बजुर्ग निवासी दलजीत का 26 वर्षीय पुत्र कपिल मोटरसाइकिल से कोतवाली देहात-नहटौर मार्ग से होता हुआ अपने गांव जा रहा था कि तेज गति से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा मोटरसाइकिल सवार कपिल कि घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा कार चालक को हिरासत में ले लिया।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.

Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272941221 7505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# मुख्य शिक्षा अधिकारी पर गिरी गाज, डीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लापरवाही पर कार्रवाई, तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण



**देहरादून (चिंगारी)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लापरवाही बरतने के आरोप में जिला प्रशासन ने मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) देहरादून के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मुख्य शिक्षा अधिकारी तथा स्वीप (SVEEP) समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड के निर्देशों के तहत संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाना था। इसके बावजूद आईटी पार्क के समीप आयोजित जनजागरूकता वाहन रवाना कार्यक्रम में आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी नहीं की गईं, जिससे कार्यक्रम के संचालन में अनावश्यक विलंब हुआ।

जिला प्रशासन ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि निर्धारित अवधि के भीतर संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना, पात्र नागरिकों का नाम जोड़ना, अपात्र प्रविष्टियों को हटाना तथा मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनाना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनमें विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## भागवत कथा का श्रवण करना पितरों का उद्धार करने में सहायक : स्वामी कृष्ण मोहन


फोटो कथा वाचक

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर की रानी बाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में वृंदावन से पधारे भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा का आयोजन कराना तथा एकाग्रचित होकर कथा को श्रवण करना व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के साथ ही पितरों का उद्धार करने में भी सहायक बनती है। कथा की शुरुआत सामूहिक पूजन से की गई जिसमें मुख्य यजमान देवदत्त चौहान तथा उनकी धर्मपत्नी सुमित्रा देवी चौहान, सचिन चौहान एवं रश्मि रानी चौहान, जयवर्धन चौहान, भव्यता चौहान आदि रहे। पूजन कार्यक्रम पुरोहित आचार्य पंडित सचिन कुमार शर्मा ने संपादित कराया। देवदत्त चौहान ने राजा परीक्षित के रूप में निरंतर 7 दिन तक परिवार सहित पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भावना बनाए रखने का संकल्प लिया तथा महाराज श्री को परिवार की ओर से विशेष रूप से तैयार कराई गई पगड़ी भेंट करके सम्मानित किया।

## विकास का मॉडल बन चुका है 'चाई महोत्सव'

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पहाड़ की विशिष्ट संस्कृति एवं गांव बचाने का अनूठा अभियान 'चाई ग्रामोत्सव' इस बार आगामी 22, 23 एवं 24 जून को आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह उत्सव अपनी स्थापना के 17 साल पूरे कर रहा है, जिसे लेकर गांव एवं क्षेत्र में खासा उत्साह है।

आंचलिक संस्कृति के संरक्षण-संवर्द्धन के साथ ही ग्रामीण विकास पर केंद्रित 'चाई ग्रामोत्सव' जयहरीखाल विकास खंड के चाई गांव में जून 2010 से लगातार आयोजित किया जा रहा अनूठा ग्राम पर्व है, जिसमें प्रतिभाग करने के लिए गांव के सभी प्रवासी जन प्रतिवर्ष अपने गांव पहुंचते हैं, उत्सव मनाते हैं और ग्राम विकास एवं नियोजन की रूपरेखा तैयार करते हैं। स्थानीय ग्रामीण जनों के अतिरिक्त देश के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, चिंतक और बुद्धिजीवी इस समारोह में शिरकत करते हैं। अपनी सार्थक सोच और बहुआयामी दृष्टि के

### इस वर्ष 22 जून से होगा प्रारंभ

कारण 'चाई ग्रामोत्सव' आज पर्वतीय क्षेत्र में विकास का एक मॉडल बन चुका है। इसके असर से ग्रामीण गांव लौट रहे हैं और नई पीढ़ी अपनी इतिहास-परंपरा का बोध प्राप्त कर उसे अपनाने का निश्चय कर रही है । गांव चाई से प्रेरित होकर पहाड़ के अधिसंख्य गांवों में जो ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, वह पलायन से जूझ रहे पहाड़ के लिए एक शुभ संकेत है। इन दिनों ग्राम चाई में आयोजित होने वाले 17वें त्रिदिवसीय 'चाई ग्रामोत्सव' को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। महोत्सव की औपचारिक शुरुआत 22 जून को देव पूजन व कलश यात्रा से होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष (सतपुली) जितेंद्र सिंह चौहान, समाजसेवी जगदंबा डंगवाल, शिक्षाविद् मनवर सिंह रावत (नई दिल्ली), जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूनम नेगी एवं ब्लॉक प्रमुख (जयहरीखाल) रणवीर सिंह सजवाण त्रिदिवसीय महोत्सव में अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष जगमोहन बुडाकोटी ने बताया कि ग्रामोत्सव के पहले दिन 22 जून को धर्मेंद्र रावत ग्रुप तथा दूसरे दिन 23 जून को संस्कृति विभाग उत्तराखंड की भजन संध्या आकर्षण का केंद्र होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

## रेड क्रॉस सोयायटी द्वारा कल लगेगा रक्तदान व नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

धामपुर (चिंगारी)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन 14 जून रविवार प्रात: 10 बजे श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ. एन पी सिंह के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओम कुमार विधायक नहटौर के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल बिजनौर के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर में आयुष्मान भारत योजना के पात्र एवं कार्ड धारक लाभार्थियों का नि:शुल्क परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। साथ ही 40 वर्ष से अधिक व्यक्तियों को नि:शुल्क चश्मा वितरण की सुविधा भी उपलब्ध है। डॉक्टर एनपी सिंह ने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने तथा रक्तदान जैसे महादान में सहभागिता निभाने का प्रयास करें। प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट उपहार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

## ब्रह्मपाल सिंह को बसपा का मुरादाबाद मण्डल जोन प्रभारी नियुक्त किया



**धामपुर (चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर वरिष्ठ बसपा नेता ब्रह्मपाल सिंह को मुरादाबाद का मंडल जोन प्रभारी नियुक्त किया गया है। ब्रह्मपाल सिंह मंडल जोन प्रभारी ने बताया कि छात्र जीवन से ही वह बहुजन समाज की विचारधारा से प्रभावित रहे हैं । 31 जनवरी, 2012 को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत होकर बहुजन समाज पार्टी की सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते रहे। कड़ी मेहनत व लग्न को देखते हुए बहन जी ने मुझे मुरादाबाद मंडल के मंडल जोन प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के हृदय से आभारी हूं। विश्वास के साथ आश्वस्त करता हूं कि सत्य, निष्ठा व ईमानदारी तथा कड़ी मेहनत व लगन से बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बहन मायावती जी को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे।

## खानापूर्ति बनकर रह गया पौधारोपण


फाइल फोटो पौधारोपण करते हुए पालिका स्टाफ ।

**धामपुर (चिंगारी)।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा शिवाजी पार्क के एक परिसर में किया गया पौधारोपण मात्र खाना पूर्ति होकर रह गया है। मात्र एक सप्ताह के भीतर पालिका स्टाफ द्वारा लगाए गए पौधों की पत्तियां झड़ गई है और टहनियां सूखने लगी हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पालिका स्टाफ ने यहां पौधे लगाकर मात्र सरकारी आदेश का ही पालन किया है ।

नगर पालिका परिषद, धामपुर के शिवाजी पार्क में चार परिसर बने हुए हैं जिनमें एक परिसर में संपाकाचार्य पंडित रूद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय और नए पौधों की क्यारियां बनी हुई हैं, जबकि दूसरे परिसर में पालिका द्वारा विशेष रूप से सजाए गए फूलों वाले पौधे लगाए गए हैं, तीसरी परिसर में जिम के उपकरण लगे हुए हैं। इसके अलावा एक परिसर में कंपोस्ट खाद का गड्ढा खुदा हुआ है। जहां प्रात:काल आरएसएस की शाखा लगने के बाद सुबह 7 बजे छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए आते हैं। इसी परिसर में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला और पालिका सभासद संतोष राजपूत के साथ पालिका स्टाफ ने परिसर में बनी हुई सीमेंटेड झोपड़ी नुमा बेंच के चारों तरफ पौधारोपण किया था, परंतु यह पौधे एक सप्ताह भी नहीं चल पाए हैं और पत्ते झड़ गए हैं टहनियां सूख गई। जबकि पूर्व में नगर पालिका द्वारा पुस्तकालय परिसर में ही पौधारोपण किया जाता रहा है वहां भी पौधारोपण के कारण 3, 3 क्यारियां बन गई हैं।

# दीवार फांदकर घर में घुसा गुलदार
## एक बकरी को दिया मार



**नांगल सोती (चिंगारी)।** शुक्रवार की रात्रि ग्राम सौफतपुर में गुलदार ने पांच फीट ऊंची दीवार फांदकर एक घर में घुसकर एक बकरी को मार डाला तथा दूसरी को दांत मारकर घायल कर दिया।

ग्राम सौफतपुर निवासी सत्यपाल सिंह पाल ने भेड़-बकरियां पाल रखी हैं। सत्यपाल का घर खेतों से एकदम सटा हुआ है तथा प्रतिदिन की भांति उसकी भेड़-बकरियां घर में थीं। खेत की तरफ से 5 फीट ऊंची दीवार बनी हुई है। रात्रि में एक बजे के आसपास गुलदार दीवार को फांदकर घर में घुसा तथा एक बकरी को मार डाला, जबकि दूसरी बकरी पर भी हमला करके उसे घायल कर दिया।

गुलदार के हमले से भेड़-बकरियां जोर-जोर से मिमियाने लगीं, तो गृह स्वामी सत्यपाल सिंह पाल की आंखें खुलीं वो उठकर हाथ में डंडा लेकर बाहर आया। गुलदार हमला करके मारी गई बकरी को खींचकर दीवार के पास तक ले गया था। सत्यपाल डंडा लेकर शोर मचाते हुए गुलदार के पीछे दौड़ा, तो वह मृत बकरी को वहीं छोड़कर दीवार फांदकर भागने को मजबूर हो गया। गुलदार ने कुछ देर बाद फिर से घर में घुसने की कोशिश की, मगर जाग रहे सत्यपाल द्वारा हल्ला बोलने पर वह अंदर नहीं घुस सका। शुक्रवार की सुबह सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि सत्यपाल सिंह के घर के समीप गन्ने के उस खेत के किनारे पर पिंजरा लगा दिया गया है, जहां से निकलकर गुलदार घर में घुसा था।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाने की वस्तुओं के नमूने लिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी बिजनौर के निर्देशानुसार जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 13 खाद्य नमूने संग्रहित किये। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम आशीष मौर्य के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान राजा का ताजपुर स्थित शाकिर हुसैन के प्रतिष्ठान से हल्दी, मिर्च एवं सौंफ, धामपुर स्थित देवेन्द्र ट्रेडर्स से हल्दी एवं सौंफ, कुलवंत सिंह के प्रतिष्ठान से धनिया तथा चमनलाल के प्रतिष्ठान से हल्दी का नमूना लिया गया। इसके अलावा नगीना क्षेत्र में नदीम के प्रतिष्ठान से धनिया, पूजा ट्रेडर्स अफजलगढ़ से मिर्च एवं हल्दी, पप्पू नाज मसाला से हल्दी तथा किरतपुर स्थित कामेश एजेंसी से एमडीएच ब्रांड के चना मसाला एवं सब्जी मसाला के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी 13 नमूनों को विधिवत सील कर परीक्षण हेतु




प्रयोगशाला भेज दिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि कोई नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सी.टी. स्कैन के नाम पर लूट का आरोप

**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक में नगर में संचालित होने वाले सिटी स्कैन संचालक पर सी.टी. स्कैन के नाम पर मनमाने पैसे वसूले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। बसंती देवी धर्मशाला में शिवसेना के जिला उपप्रमुख मुकेश लांबा की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री शोभित गुर्जर के संचालन में आयोजित बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने सी.टी. संचालक पर 5 हजार या इससे अधिक पैसे लेने का आरोप लगाया। बैठक में रितुल शर्मा,बंटी सहरावत, मुनेश त्यागी, दिनेश तोमर, अतुल शर्मा, अरूण सैनी,महकार सैनी आदि मौजूद रहे।



DF धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बस चालक ने परिचालक की उंगली चबा डाली

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर रोडवेज डिपो के मुख्य गेट पर बस निकालने को लेकर हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के दौरान एक चालक ने परिचालक के हाथ की अंगुली दांतों से चबा डाली, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से डिपो परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता होने पर आरोपी को छोड़ दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज गेट पर बसों की आवाजाही के दौरान पहले बस निकालने को लेकर चालक और परिचालक अभिषेक गंगवार के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर चालक ने परिचालक अभिषेक गंगवार के हाथ की अंगुली मुंह से काट ली, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल परिचालक को उपचार के लिए भेजा गया। घटना की सूचना पर सिविल लाइन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चालक को हिरासत में लेकर शहर कोतवाली ले गई। हालांकि बाद में रोडवेज अधिकारियों के समझाने पर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो जाने पर पुलिस ने आरोपी चालक को छोड़ दिया। घटना को लेकर डिपो परिसर में चर्चा का माहौल बना रहा। कर्मचारियों का कहना है कि मामूली विवाद को लेकर इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद आगे कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेले में 122 पथ विक्रेताओं को मिला ऋण

## 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान, 137 आवेदन ऑनलाइन

**बिजनौर (चिंगारी)।** निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) एवं शासन के निर्देशानुसार जनपद की सभी नगर निकायों में एक जून से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान के तहत लोक कल्याण मेला आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। शहर मिशन प्रबंधक, डूडा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अब तक प्रथम ऋण के लिए 137 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 122 पात्र लाभार्थियों को प्रथम ऋण वितरित किया जा चुका है। इसके अलावा 10 लाभार्थियों को द्वितीय ऋण तथा सात लाभार्थियों को तृतीय ऋण का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 25 लाभार्थियों ने क्रेडिट सुविधा के लिए आवेदन किया है, जबकि विभिन्न योजनाओं में पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 36 लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग भी की गई है। शहर मिशन प्रबंधक ने बताया कि 30 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के माध्यम से अधिकाधिक पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थी किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय के कक्ष संख्या-301 में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा संबंधित नगर निकाय कार्यालय में भी ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यवसायियों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# टाइगर के एकदम करीब ले गया जिप्सी

## चालक के विरुद्ध कार्रवाई की

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में जिप्सी वाहन टाइगर के बेहद करीब से गुजरता दिखाई दिया, जिसके बाद वन विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे फाटो पर्यटन जोन में जिप्सी के चालक द्वारा पर्यटकों को टाइगर के नजदीक ले जाने की बात सामने आने के बाद विभाग ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है। जांच के



बाद संबंधित जिप्सी चालक जुबेर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे तराई पश्चिमी वन प्रभाग के सभी फाटो पर्यटन जोनों में अनिश्चितकाल के लिए प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया है। वन विभाग ने कहा कि पर्यटन के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी चालक या गाइड द्वारा वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप करना या निर्धारित नियमों का उल्लंघन करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी ( डीएफओ ) तराई पश्चिमी वन प्रभाग प्रकाशचंद्र आर्य ने बताया कि ड्राइवर को बाघ और पर्यटको की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालने पर फाटो जोन से हमेशा के लिए बैन कर दिया गया है। वहीं जिप्सी को भी फाटो में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही ड्राइवर के विरुद्ध वाइल्ड लाइफ एक्ट में कार्यवाही भी प्रारम्भ की जा रही है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर कल होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुभम सर्वम चैरिटेबल ब्लड सेंटर, निकट पंजाब नेशनल बैंक, सिविल लाइन, बिजनौर द्वारा कल 14 जून (रविवार) को प्रातः9 बजे से सायं पांच बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम 'मानवता की एक बूंद रक्तदान करें, मानव जीवन बचाएं' है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में समाज के सभी वर्गों के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर रक्तदान करने की अपील की गई है। रक्तदान एक महादान है, जो किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवन प्रदान कर सकता है। एक यूनिट रक्त से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। वर्तमान समय में अस्पतालों में रक्त की आवश्यकता निरंतर बनी रहती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। शुभम सर्वम चैरिटेबल ब्लड सेंटर के प्रबंधन ने जनपदवासियों से आग्रह किया है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लेकर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें तथा दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

# गौवंश को गुड़, चोकर, चारा खिलाया



नगीना ( चिंगारी )। नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून के छात्र-छात्राओं के साथ श्री कृष्ण गौशाला नगीना में पहुंचकर वहां पर मौजूद सभी गौवंश को गुड़, चोकर एवं हरा चारा खिलाया। शुक्रवार को पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून से दिव्य सेवा संस्थान में इंटर्नशिप के लिए आए छात्र-छात्राओं ने संस्थान के स्वयंसेविकों के साथ बढ़ापुर मार्ग पर स्थित श्री कृष्ण गौशाला पहुंचकर वहां पर मौजूद सभी गौवंश व नंदीयो को अपने हाथों से गुड़, चौकर एवं हरा चारा खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि गौवंश की सेवा करना भी मानवता की सेवा करना ही है। भारतीय संस्कृति में गौ सेवा का विशेष महत्व है। गायों की सेवा करने से समाज में दया, करुणा एवं सेवा-भाव का विकास होता है। संस्था भविष्य में आगे भी गौशालाओं में हरा चारा, गुड़ एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर गौ संरक्षण के कार्यों में सहयोग करती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र-छात्राओं के ग्रुप लीडर मेहुल, धैर्य, लक्ष्य, देव सौम्या अग्रवाल, नियति अग्रवाल, अनन्या मित्तल आदि का सहयोग रहा।

# अमित वर्मा बने व्यापार संगठन स्योहारा के अध्यक्ष





## तुषार रस्तौगी बने नगर महामंत्री

स्योहारा ( चिंगारी )। शुक्रवार को सुनारों वाली धर्मशाला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल स्योहारा की एक सभा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार एवं नगर इकाई के गठन को लेकर व्यापारियों एवं पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करना था। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, जिला महामंत्री मनोज भटनागर, प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरुशरण सिंह मोहन, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तथा पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार रस्तोगी की संस्तुति एवं व्यापारियों की सर्वसम्मति से अमित वर्मा को स्योहारा नगर व्यापार मंडल का अध्यक्ष तथा तुषार रस्तोगी को महामंत्री मनोनीत किया गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष अमित वर्मा एवं महामंत्री तुषार रस्तोगी को शीघ्र ही नगर व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मनोज वर्मा, रवि वर्मा, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, निखिल, सुनील वर्मा, गौरव जैन, दीपक कुमार, किशनलाल अरोड़ा, इशरत अली, अभिषेक शर्मा, संजीव गर्ग, सुरेंद्र कुमार सैनी, हरपाल सैनी, संदीप कुमार वर्मा, दीपक शर्मा, अंश वर्मा, रोहित वर्मा, मोहित कुमार शर्मा, विपिन मिगलानी, अमर सैनी, आयुष वर्मा, राजीव, विकास रस्तोगी, सोहन वर्मा, त्रिलोक वर्मा, अंकित सिसोदिया, गौरव यादव, सचिन मराठा, हरिओम वर्मा, सुभान अली, राजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।


# 24 घंटे में रोशन हो गई लाइट




अफजलगढ़ ( चिंगारी )। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर ग्राम भूतपुरी तिराहे के समीप डिवाइडर पर महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें सांध्य दैनिक चिंगारी में खबर प्रकाशित होने के 24 घंटे के भीतर ही रोशन हो गईं। अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका को लेकर परेशान लोगों ने अब राहत महसूस की है। स्थानीय नागरिक नरेश कुमार, कैलाश, मनोज कुमार आदि ने फोन कर सांध्य दैनिक चिंगारी का धन्यवाद जताते हुए जनसमस्या को प्रमुखता से उठाने की सराहना की है।

# आखिर ऐसा क्यों होता है?

विचार



धर्म एक आस्था है, एक विश्वास है। विश्व में धर्म एकता का एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसमें अपने-अपने धर्मानुयायियों में सामाजिक जुड़ाव का एक अदृश्य व अटूट बंधन रहता है, फिर सदियों से इस देश में एक ही धर्म के लोगों के बीच धरातल पर इतना अन्तर्विरोध, घृणा और असहिष्णुता सदियों से क्यों परिलक्षित होती रही है? यह समझ से परे है। बातचीत में इस पर सभी मतैक्य रहते हैं कि बारह सौ वर्षों की दासता का मुख्य कारण भी हिन्दू समाज का जातियों में बंटे रहना ही रहा है। कभी-कभी तो यह अन्तर्विरोध, घृणा और असहिष्णुता अप्रत्याशित रूप से बहुत बढ़ने लगती है और खूनी संघर्ष तक को प्रेरित कर देती है। आखिर ऐसा होता क्यों है? बस यही यक्ष प्रश्न हैरान और परेशान करने वाला है। आज तक जितने भी समाज सुधारक सामाजिक समरसता स्थापित करने हेतु भारत भूमि पर अवतरित हुए, वे भी इस भेदभाव को समूल नष्ट करने में सफल नहीं हो सके। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उनमें से एक थे, लेकिन उनकी इस अवधारणा से वर्ण व्यवस्था ईश्वर की निर्मिति है और मनुष्य को अपने बाप-दादाओं का पेशा ही अपनाना चाहिए और जो इससे इतर पेशा अपनाते हैं, वे अपना अहित ही करते हैं, उन्होंने ईश्वर को बीच में लाकर समाज को समरस करने की गति को अवरुद्ध ही किया है। उनकी इस रुढ़िजन्य अवधारणा से समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और जातिवाद, जो वर्ण व्यवस्था की सन्तति है, उसको मज़बूती प्रदान की है। गांधी जी की यह अवधारणा समरसता के लिए उनके द्वारा बढ़ाये गये एक कदम के बाद दो कदम पीछे खींचने जैसा था। इसी कारण जातिभेद आज भी यथावत व्यवहृत है।

कहना न होगा कि समाज और सरकारें दोनों ही जातिभेद की इस समस्या के प्रति लगातार निरपेक्ष बने रहे। सरकारें सोचती रहीं कि यह सामाजिक व्याधि है, इसका उपचार समाज ही करे, क्योंकि लोकशाही में सरकार की दृष्टि तो केवल इस पर केन्द्रित रहती है कि अगले चुनाव में उसे बहुमत कैसे मिले? वहीं अब तक समाज की सोच भी गर्भित रूप में यही रही है कि उसके धर्म ग्रंथों में जो अवधारणा निर्देषित है, वे उसे क्यों कर छोड़ें? राजनीतिक अधिष्ठान की विवशता भी कदाचित यही रहती है कि जाति जिन्दा रहेगी तो वोटबैंक के रूप में वोट का गणित आसान रहेगा। बस ले देकर इस दिशा में सामाजिक समरसता का थोड़ा बहुत समायोजन लोकतंत्र की विवशता के नाते अवश्य चलता रहता है, लेकिन इस समस्या का कोई स्थायी समाधान अभी तक किसी के एजेंडे में नहीं रहा। इसी उहापोह और द्वंद्व में सदियां बीत गई हैं और इस व्याधि का कोई सुनिश्चित उपचार नहीं मिल पा रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम', 'सर्वे भवन्तु सुखिन' और 'संगच्छध्वं संवदध्वम, संवो मनासि जायताम' वेदोक्त समादेशों और उड्डुपी सम्मेलन में विश्व हिन्दू परिषद की घोषित अवधारणा, 'हिन्दव सहोदरा सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत' जैसी उदात्त तथाकथित कालजयी हिन्दू संस्कृति से विरासत में प्राप्त होने वाले सामाजिक सद्भावनापूर्ण सुखद संदेश भी पता नहीं क्यों, सामाजिक भेदभाव वाली जड़ताओं में अपेक्षित परिवर्तन नहीं ला सके?

विश्व के सबसे बड़े संगठन, रा.स्व. संघ के वर्तमान सरसंघचालक श्री मोहनराव भागवत जी ने अपना दायित्व संभालते हुए अपने प्रथम संबोधन में कहा था कि 'बंधुत्व की भावना ही हिन्दुत्व है।' लेकिन संघ भी

> करुणा और प्रेम के माध्यम से धर्म, ईश्वर की प्राप्ति का एकमेव मार्ग है, फिर एक ही धर्म के अनुयायियों में प्रेम और बंधुत्व के स्थान पर घृणा और भेदभाव क्यों है?

सौ साल में हिन्दुत्व एकता के प्रयासों में अपने सहभोज और समरसता से आगे नहीं बढ़ पाया, फिर प्रश्न जस का तस वहीं अटका हुआ है कि सामाजिक भेदभाव की अवधारणा दलितों का पीछा क्यों नहीं छोड़ पा रही है? प्रश्न यह भी उत्पन्न होता है कि आखिर कौन है, इस सब का दोषी? वे कौन लोग हैं, जो समाज में श्रेष्ठता, निम्नता और एकाधिकार की जड़ता को खाद-पानी देकर जीवित रखे हुए हैं और इस नाते लगातार अपनी श्रेष्ठता को अक्षुण्ण बनाये रखने में सफल रहे हैं? इसकी समीक्षा तो होनी ही चाहिए। किंतु अब तक के अनुभवों से तो लगता है कि सामाजिक समरसता के हुए सतही प्रयास, दलितों के प्रति धर्मग्रथों में इंगित रूढ़िजन्य असहिष्णुता, घृणा और जड़ता को समाप्त करने में कदाचित वांछित परिणाम नहीं दे पाये हैं।

**-प्रेमचंद छाछर**


# सोमवती अमावस्या : 15 जून को

## सोमवती अमावस्या के दिन होगा अधिक मास का समापन

-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन
मो. : 09335414722



भारतीय संस्कृति के हिन्दू सनातन धर्म में धर्मग्रन्थों के अनुसार प्रत्येक माह के तिथि-पर्व की विशेष महिमा है। प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या तिथि सोमवती अमावस्या के नाम से जानी जाती है। इस बार 15 जून, सोमवार को अमावस्या तिथि पड़ने से सोमवती अमावस्या का पर्व हर्ष, उमंग व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। अधिक मास के अन्तिम दिन सोमवार को अमावस्या पड़ने से सोमवती अमावस्या का महत्त्व और अधिक पुण्य फलदायी हो गया है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 14 जून, रविवार को दिन में 12 बजकर 20 मिनट पर लगेगी जो कि 15 जून, सोमवार को प्रात: 8 बजकर 25 मिनट तक रहेगी। मृगशिरा नक्षत्र रविवार, 14 जून को रात्रि 10 बजकर 14 मिनट से सोमवार, 15 जून को रात्रि 7 बजकर 09 मिनट रहेगा, तत्पश्चात् आर्द्रा नक्षत्र लग जाएगा। अमावस्या तिथि पर स्नान-दान-व्रत एवं श्राद्ध करने का विशेष महत्व है।



### पूजा का विधान

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि व्रतकर्ता को प्रात:काल सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में उठकर अपने समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। श्रीगणेश जी का स्मरण करके अपने इष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के पश्चात अपने दाहिने हाथ में जल, पुष्प, फल, गन्ध व कुश लेकर अमावस्या तिथि के पूजन का संकल्प लेना चाहिए। सोमवती अमावस्या पर भगवान श्रीविष्णु जी एवं पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि, खुशहाली मिलती है। अमावस्या तिथि पर विधि-विधानपूर्वक पितरों की भी पूजा-अर्चना की जाती है। पितरों के आशीर्वाद से जीवन में भौतिक सुख-समृद्धि, खुशहाली का आगमन होता है। इस दिन पीपल के वृक्ष की पूजा-अर्चना के पश्चात पीपल वृक्ष की परिक्रमा करने पर आरोग्य व सौभाग्य की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

### पीपल वृक्ष की विशेष महिमा

धार्मिक मान्यता के अनुसार पीपल वृक्ष में समस्त देवताओं का वास माना गया है। पीपल के वृक्ष को जल से सिंचन करके विधि-विधानपूर्वक पूजा के पश्चात 108 बार परिक्रमा करने पर सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस दिन व्रत उपवास रखकर इष्ट-देवी देवता एवं आराध्य देवी-देवता की पूजा अर्चना करनी चाहिए। पितरों की प्रसन्नता के लिए ब्राह्मण को घर पर निमन्त्रित करके उन्हें भोजन करवाकर सफेद रंग की वस्तुओं का दान जैसे-चावल, दूध, मिश्री, चीनी, खोवे से बने सफेद मिष्ठान, सफेद वस्त्र, चांदी एवं अन्य सफेद रंग की वस्तुएं दक्षिणा के साथ देकर, उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेना चाहिए। किसी कारणवश यदि ब्राह्मण को भोजन न करवा सकें तो इस स्थिति में उन्हें भोजन सामग्री (सिद्धा) के साथ नकद द्रव्य देकर पुण्यलाभ प्राप्त करना चाहिए।

# पैसों की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या का आरोप

## फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप



**नहटौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर पैसों की मांग को लेकर उत्पीड़न और हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली। ग्राम काजीपुरा निवासी मोनिका (26 वर्ष) पत्नी अनिल का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मृतका के पिता और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि मोनिका पर लगातार मायके से पैसे लाने का दबाव बनाया जा रहा था। आरोप है कि पैसों की मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का कहना है कि इसी के चलते ससुराल पक्ष ने उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा परिजनों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने नहटौर पुलिस को मामले की निष्पक्ष एवं गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन वर्ष पहले हुई थी शादी

बताया जाता है कि मोनिका का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व अनिल के साथ हुआ था। मृतका अपने पीछे दो वर्षीय पुत्र को छोड़ गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# जल भराव से लोगों को हो रही परेशानी, सड़क पर बने गड्ढों में भी भरा रहता पानी

**नूरपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव बाखराबाद खटाई में गांव के पानी की निकासी न होने के कारण घरों का पानी सड़क पर आ जने से सड़क पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। इसी कारण सड़क पर गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है तथा दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। ग्रामवासियों मास्टर नेमीशरण सलूजा, संजीव त्यागी, ललित कुमार त्यागी, मेधराम फौजी, करन फौजी, सुनील वाल्मीकि समेत दर्जनों लोगों का कहना है कि यह मार्ग नहटौर मार्ग को धामपुर मार्ग से जोड़ता है, जिसपर दो पहिया वाहनों के अलावा चार पहिया वाहन भी गुजरते हैं।



### ग्राम बाखराबाद खटाई में सड़क पर जलभराव की स्थिति।

ग्रामवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर बनी पुलिया भी टूट कर अंदर धंस गई है, जिसमें फंस कर गाडी पलट जाती है। बरसात के मौसम में सड़क पर बने गड्ढों में छोटे बच्चों के डूबने का भी खतरा बना रहता है। ग्रामवासियों का कहना है कि पूर्व में पी.डब्लू.डी विभाग से पुलिया व सड़क बनाने की शिकायत कर चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने से ग्रामवासियों में रोष है।

# बंदरों ने दी घुड़की, महिला छत से लुढ़की

### गंभीर रूप से घायल हुई

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** मकान की छत पर कपड़े सुखाने गई एक महिला बंदरों की घुड़की से घबराकर मकान की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। रेहड़ क्षेत्र के ग्राम अमाननगर उर्फ़ हर्रावाला निवासी अनिल कुमार की पत्नी कविता स्वास्थ्य विभाग में एएनएम है। गत दिवस वह कपड़े सुखाने के लिए मकान की छत पर चढ़ी थी। वहां मौजूद बंदरों ने जैसे ही घुड़की देते हुए महिला पर झपट्टा मारने का प्रयास किया तो घबराई कविता मकान की छत से नीचे आंगन में जा गिरी। घायल अवस्था में उसे काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने सक्षम अधिकारियों से बंदरों को पकड़वाकर दूर छुड़वाने की मांग की है।

# कुलदेवी मठ की वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम अमान नगर उर्फ हर्रावाला स्थित कुलदेवी भवानी के मठ पर मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। गांव निवासी पंडित देवेंद्र कौशिक ने हवन यज्ञ कराया। तदुपरांत गांव के अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हवन यज्ञ में सुधीर कुमार, डिंपल कुमार व आशुतोष आदि सपत्नीक यजमान के रूप में उपस्थित रहे। भंडारे में अनेक श्रद्धालुओं ने भागीदारी कर धर्म लाभ कमाया।

# टीईटी अनिवार्यता, एनपीएस एवं निजीकरण समाप्ति तक जारी रहेगा संघर्ष : विजय बन्धु

### 25 सितंबर को लखनऊ में आयोजित होगी महारैली



**बिजनौर (चिंगारी)।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में टीईटी अनिवार्यता एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में जनजागरण यात्रा के दूसरे दिन जनपद हरदोई के कछौना, गौसगंज, मल्लावां, माधौगंज, बिलग्राम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों पुरानी पेंशन बहाली एवं टीईटी अनिवार्यता व निजीकरण समाप्ति की मांग करते हुए, बेहतर शिक्षा,चिकित्सा, बेरोजगार युवाओं को निरंतर रोजगार देने पर जोर दिया। डॉ. कमल उसरी ने सरकार द्वारा हो रहे सरकारी विभागों के निजीकरण समाप्ति पर जोर दिया। प्रदेश महामंत्री नीरज पति त्रिपाठी एवं प्रदेश सलाहकार ने कहा कि जून की तपती धूप में, जब अधिकांश लोग पहाड़ों और ठंडे पर्यटन स्थलों की ओर रुख करते हैं, उस समय राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु सड़क पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए संघर्षरत है। इस अवसर पर विक्रमादित्य मौर्य प्रदेश कोषाध्यक्ष,रजत प्रहरी प्रदेश संगठन मंत्री, आशीष वर्मा मंडलाध्यक्ष आईटी सेल सह प्रभारी आर्यन वेद जिलाध्यक्ष जैनुल खान आदि ने संबोधित किया।

# श्रीराम मंदिर आश्रम में 15 से होगी शिव महापुराण कथा

### सर्व कष्ट निवारण अनुष्ठान भी होगा

**धामपुर (चिंगारी)।** मानव उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में नगर के मौहल्ला साहूवन स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में 15 से 23 जून तक आठ दिवसीय सर्व कष्ट निवारण अनुष्ठान एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम के व्यवस्थापक पंडित सौरभ वशिष्ठ ने बताया कि शिव महापुराण कथा प्रख्यात महंत राधेश्याम व्यास महाराज द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण कथा के श्रवण से भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है तथा जीवन के विभिन्न कष्टों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक धर्मप्रेमियों से कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दूर-दराज के श्रद्धालुओं को भी कथा का लाभ मिल सके। इसके लिए पूरे आयोजन का सीधा प्रसारण श्री राम मंदिर आश्रम धामपुर के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।



महत राधे श्याम व्यास जी महाराज।

# मिल अधिकारियों ने खेत पर चल रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया



**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार व वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार द्वारा ग्राम नौरंगाबाद में भ्रमण किया गया। सहायक उपाध्यक्ष द्वारा कृषक सुनील कुमार के खेत पर चल रहे गन्ना सर्वे व रैटून वेरीफिकेशन कार्य का औचक निरीक्षण किया। सर्वे में दर्ज गन्ना प्रजाति 14201, रकवा 0.320 हैक्टेयर सर्वेक्षण के दौरान सही पाया गया। तत्पश्चात खेतों में कीट एवं बीमारियों का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान सहायक उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि इस समय गन्ना प्रजाति 0238 के प्लाटों में लाल सडन रोग की स्क्रीनिंग का कार्य अवश्य करें। चूंकि लाल सडन रोग दिखाई दे रहा है साथ ही खेतों में सीटीपीआर की ट्रेंचिग अवश्य करायें। आवश्यकता अनुसार कीटनाशक का स्प्रे भी अवश्य करायें। इस दौरान जोनल अधिकारी दिनेश राजपूत, सुपरवाइजर नीरज कुमार मौजूद रहे।

# सर्वेश्वर धाम पर छह दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव प्रारंभ

### प्रथम दिवस निकाली गई कलश यात्रा

**धामपुर (चिंगारी)।** कालागढ़ मार्ग पर शिव विहार कॉलोनी के अलावलपुर क्षेत्र स्थित सर्वेश्वर धाम पर आज से प्रारंभ हुए छह दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव के पहले दिन कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सिरों पर मंगल कलश धारण किए हुए पीत वस्त्रधारी 101 महिलाओं ने भाग लिया। कलश शोभायात्रा में फूलों से सुसज्जित वाहन पर भगवान शंकर, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, नंदी जी महाराज, बजरंगबली हनुमान जी, भैरव जी, शनिदेव जी के अलावा सिंह पर सवार जगदंबिका भवानी की आकर्षक एवं मनोहारी मूर्तियां विराजमान थीं। कलश यात्रा का शुभारंभ कालागढ़ मार्ग से मुरादाबाद जाने वाले बाई पास मार्ग स्थित शिव शक्ति मंदिर में सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान समाजसेवी अभिषेक गुप्ता एवं उनकी पत्नी भावना गुप्ता रहे। सामूहिक पूजन कार्यक्रम को पुरोहित एवं श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज महाराज ने संपादित कराया। कार्यक्रम के संयोजक संजीव कुमार सिंह चौहान एडवोकेट ने बताया कि इस छह दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत अन्नाधिवास जलाधिवास पुष्पाधिवास फलाधिवास आदि की प्रक्रियाओं को पूर्ण कराया जाएगा तथा 17 जून को मूर्तियों की स्थापना होगी ।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

# जनपर्व के रूप में मनाया जायेगा योग दिवस- डीएम

## 21 जून को नेहरू स्टेडियम में होगा मुख्य आयोजन, सभी ब्लॉक और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम कराने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग दिवस को जनजागरूकता और स्वास्थ्य चेतना का अभियान बनाते हुए जिलेभर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा तय की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का जनपर्व है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि योग दिवस को जनआंदोलन के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



डीएम ने बताया कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें इंदिरा बाल भवन, विदुर कुटी दारानगर गंज, अमृत सरोवर अम्हेड़ा, जिला कारागार बिजनौर और इंदिरा पार्क सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि नेहरू स्टेडियम के अलावा किसी उपयुक्त स्थान का चयन कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर लिया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर कार्यक्रम को बिना बाधा आयोजित किया जा सके।

उन्होंने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में उपयुक्त स्थलों का चयन कर योग शिविर एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं योग संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में चल रही सेपक टकरा प्रतियोगिता

## एएसपी सिटी ने किया उद्घाटन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रिजर्व पुलिस लाइन, बिजनौर में शुक्रवार को तीन दिवसीय बरेली जोन की अंतरजनपदीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) व सेपक टकरा प्रतियोगिता-2026 का उद्घाटन एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल ने किया। प्रतियोगिता 14 जून तक आयोजित की जाएगी। पहले दिन महिला सेपक टकरा वर्ग में शाहजहांपुर ने पीलीभीत को 2-0 से हराकर जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में बदायूं ने मेजबान बिजनौर को 2-0 से पराजित किया, जबकि तीसरे मैच में शाहजहांपुर ने बरेली को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। पुरुष सेपक टकरा वर्ग में मुरादाबाद ने अमरोहा को 2-0 से हराया। मेजबान बिजनौर ने अपने पहले मुकाबले में बदायूं को 2-0 से शिकस्त दी। बरेली ने शाहजहांपुर को 2-0 से पराजित किया, जबकि रामपुर ने संभल को 2-0 से हराया। इसके बाद हुए मुकाबले में बिजनौर ने रामपुर को 2-0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबलों में पीलीभीत ने मुरादाबाद को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान बिजनौर ने रामपुर को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कार्यक्रम में सीओ सिटी एवं लाइन अभय कुमार पांडेय, प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में बरेली जोन के विभिन्न जनपदों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है और आगामी मुकाबलों को लेकर दर्शकों में भी काफी उत्सुकता देखी जा रही है।



# मंगलम ऑटोवर्ल्ड में नई टाटा टियागो की भव्य लॉन्चिंग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलम ऑटोवर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, बिजनौर में शुक्रवार को नई टाटा टियागो के लॉन्चिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के प्रबंध निदेशक तुषार मंगलम, विनोद राठी एवं नरेश राठी द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। लॉन्चिंग समारोह में बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं वाहन प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने नई टाटा टियागो के आधुनिक डिजाइन, उन्नत फीचर्स एवं आकर्षक लुक की सराहना की। नई टाटा टियागो का एक्स-शोरूम मूल्य 4.69 लाख से प्रारंभ है। कंपनी द्वारा बताया गया कि यह वाहन वर्तमान में मंगलम ऑटोवर्ल्ड, बिजनौर में स्टॉक में उपलब्ध है तथा इच्छुक ग्राहक इसकी बुकिंग एवं डिलीवरी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को वाहन की विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मंगलम ऑटोवर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने बताया कि नई टाटा टियागो अपने आकर्षक डिजाइन, आधुनिक तकनीक और बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरेगी।



# पीएम मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास रथयात्रा रवाना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बिजनौर में भाजपा नेताओं द्वारा विकास रथयात्रा निकाली गई। इस यात्रा को सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी, भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, क्षेत्रीय मंत्री महेन्द्र धनोरिया सहित अनेक भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी के कैंप कार्यालय से प्रारंभ हुई। रथयात्रा रवाना करने से पूर्व ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा मंदिर में यज्ञ का आयोजन कराया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु एवं देश के विकास की कामना की गई। विधि-विधान के साथ संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। इसके बाद दो विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन रथों से केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किये गये विभिन्न विकास कार्यों और



जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। रथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे।

**मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत निकाली जा रही इस विकास रथ यात्रा के माध्यम से बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा जाएगा। रथों पर लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए भाजपा सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी।**

# मनोज पारस ने एप्रोच रोड करायी मंजूर

## अब जाम की समस्या होगी दूर



**नगीना ( चिंगारी )।** सपा विधायक मनोज पारस ने हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के नगीना-नहटौर मार्ग पर स्थित ओवर ब्रिज( आरओबी) की मुख्य सड़क पर उतार चढ़ाव हेतु स्लिप/सर्विस रोड बनवाने के प्रस्ताव को स्वीकृत करा दिया है। तीन महीने में टेंडर होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। विधायक मनोज पारस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपनी विधानसभा क्षेत्र की जनता को जाम से निजात दिलाने हेतु किया गया वायदा पूरा कर दिया है। अब एनएच-74 पर नगीना से नहटौर जाने वाले मार्ग पर निर्मित ओवरब्रिज( आरओबी) पर ट्रैफिक को चढ़ने और उतरने के लिए दोनों तरफ बनने वाली एप्रोच रोड को भी मंजूरी दिला दी है। ग्राम हसनअलीपुर फाटक पर क्षेत्रवासियों को जाम जैसी स्थिति में नहीं फंसना पड़ेगा। ट्रैफिक को पुल पर चढ़कर और दूसरी तरफ ट्रैफिक उतर जाएगा। विधायक मनोज पारस ने अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति एवं विधानसभा की कार्यवाही में लगातार इस कार्य को कराने की मांग उठाई थी। इस संबंध में मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग लखनऊ ने उत्तर दिया है कि इस कार्य स्वीकृति मिल चुकी है और कार्य का टेंडर लग गया है। आगामी 3 माह के भीतर नियमनुसार टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# मुंबई से निकाह करने पहुंची नर्स को प्रेमी ने मारकर खेत में दबाया

## प्रेमिका को मारकर फिर से मुंबई में चिकन शॉप पर काम करने चला गया था आरोपी

**मंडावर ( चिंगारी )। फिल्म नगरी में एक चिकन शॉप पर काम करने वाले मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर खादर निवासी फैजल उर्फ फैसल ने अपनी प्रेमिका का मर्डर फिल्मी स्टाइल में किया। मगर वह मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर पकड़ा गया। घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।**


मृतका का फाइल फोटो

हुआ यूं कि एक 35 वर्षीय नर्स 21 साल के युवक से निकाह करने मुंबई से मंडावर आ गई। युवक के परिजन उनकी शादी के खिलाफ थे, लेकिन महिला निकाह की जिद पर अड़ी थी। प्रेमी युवक भी महिला से पीछा छुड़ाना चाहता था। वह उसे खादर क्षेत्र में ले गया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी तथा शव को खेत में दबा दिया। महिला का सामान गंगा में फेंक दिया और सिम निकालकर मोबाइल अपने पास रख लिया। बस इसी लालच ने उसे पकड़वा दिया। नर्स की हत्या करने के बाद फैसल वापस मुंबई चला गया। उधर, महिला की बहनों ने मुंबई में गुमशुदगी दर्ज कराई। मुंबई के ओशिवारा थाने की पुलिस के साथ जोगेश्वरी निवासी शबाना मंडावर थाने पहुंची। मुंबई पुलिस ने बताया कि गांव सैफपुर खादर निवासी फैजल उर्फ फैसल का शबाना की शादीशुदा बहन सना से प्रेम प्रसंग था। फैजल वहां चिकन शॉप पर काम करता है। सना का नौ वर्ष का बेटा है। फैजल के प्रेम प्रसंग के चलते सना ने अपने पति को तलाक दे दिया था। इसके बाद फैजल सना के घर ही रहने लगा। कुछ दिन बाद फैजल ने सना से दूरी बनानी शुरू कर दी। सना 28 मई को लापता हो गई। परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई तो उसके मोबाइल की लोकेशन बिजनौर में मिली। पुलिस ने फैजल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि सना 29 मई को अकेली उससे बिना बताए निकाह करने के लिए बिजनौर आ गई थी। परिवार वाले निकाह के खिलाफ थे। वह उसी दिन सना को जंगल में ले गया और सना की गला दबाकर हत्या कर दी। पांच जून को वह मुंबई चला गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार मुंबई पुलिस के साथ फैजल की निशानदेही पर घटनास्थल पर पहुंचे। फैजल ने सना का शव गांव फतेहपुर के नारायणपुर निवासी देवेंद्र सिंह चौहान के नलकूप के पास खेत में दबाया था। सना का मोबाइल पुलिस फैजल से बरामद कर चुकी थी।


आरोपी फैसल को शव बरामद कराने के लिये ले जाती पुलिस।

### सना की बहनों को गुमराह करता रहा फैजल

**आरोपी फैजल सना के बजाए कमरे में लगे ताले की चाबी ढुंढवाते हुए उसकी बहनों को गुमराह करता रहा। कहता रहा- चाबी ढूंढो, सना चाबी लेकर गई है तो लौटकर आयेगी, वरना नहीं। वहीं उसने पुलिस की कार्रवाई पर भी नजर बनाए रखी। हालांकि कॉल डिटेल और बिजनौर में मिली सना के फोन की आखिरी लोकेशन के जरिए मामले का पर्दाफाश हो गया।**

# कार का शीशा तोड़कर 7 लाख 60 हजार उड़ाये

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में दिनदहाड़े कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे 7 लाख 60 हजार की नकदी उड़ा ली। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। ग्राम नसीरपुर मनसुख निवासी ऋषभ यादव ने कल दोपहर नगर के स्टेशन रोड स्थित जिला सहकारी बैंक से 7 लाख 60 हजार रूपए निकाले थे। बैंक से पैसे निकालने के बाद ऋषभ स्याऊ रोड स्थित श्री राम कालोनी में रहने वाली अपनी बहन के यहां चले गये, पैसे से भरा बैग कार में ही छोड़ दिया था। कुछ देर बाद जब वापस आये तो कार का शीशा टूटा हुआ था और कार में रखे पैसे गायब थे। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं।

# बाइक की चेन में दुपट्टा आने से महिला की मौत



**चांदपुर ( चिंगारी )।** मोटरसाइकिल की चेन में दुपट्टा आने से एक महिला की सड़क पर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार की शाम को ग्राम खानपुर खादर निवासी बेबी (40 वर्ष) पत्नी विवेक शर्मा अपने भतीजे अभिषेक के साथ मोटरसाइकिल से चांदपुर से अपने घर जा रही थी। चांदपुर-जलीलपुर रोड पर बेबी का दुपट्टा मोटरसाइकिल की चेन में आ जाने से वह सड़क पर गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया।

# रोटरी क्लब ने छाते वितरित किये

**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर ने पब्लिक इमेज कार्यक्रम के अंतर्गत शिव मंदिर में लाभार्थियों को छातों का वितरण किया गया। रोटरी अध्यक्ष रो.नवीन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में 48 लोगों को छातों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक रो.अनिल सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मंडल 3100 के मंडलाध्यक्ष रो.नितिन अग्रवाल के आह्वान पर आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए निर्बल वर्ग के लोगों को 'रोटरी पब्लिक इमेज' कार्यक्रम के अंतर्गत छातों का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में रो.धर्मेंद्र रस्तोगी, रो.भवानी प्रसाद मारवाड़ी, रो.गुलजारीलाल मारवाड़ी, रो.संदीप रस्तोगी, रो.देवेंद्र रस्तोगी, रो.जितेंद्र मारवाड़ी, रो.सुशांत ऐरन, रो.सौरभ ऐरन, रो.विकास मारवाड़ी, रो.प्रवीण रस्तोगी, रो.हेमचंद राणा, रो.अभिषेक कुमार, रो.प्रदीप कुमार, रो.अशोक चौहान, रो. राजीव शरण शर्मा, रो.अमित सिंह, रो.निखिल गुप्ता, रो. एके बिस्वास, रो.सुरेश प्रकाश शर्मा, रो.दिवाकर रस्तोगी, रो.अनुज मारवाड़ी, रो.गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




# प्रतिदिन गौसेवा करते हैं आशु

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला गोकुलनगर निवासी आशु गोयल प्रतिदिन गौशाला में जाकर गौवंश की सेवा करते हैं। समाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले आशु गोयल प्रतिदिन गौसेवा करने गौशाला जाते हैं। वे गौवंश के खाने के लिए अपने पास से कुछ न कुछ ले जाते हैं। आशु गोयल द्वारा निःस्वार्थ भाव से कार्य किए जाने से सभी उनकी सराहना करते हैं।



# किराने की दुकान में चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** किराने की दुकान से नकदी व हजारों रुपए कीमत की सिगरेट, गुटखों के पैकेट, बैटरी आदि सामान चोरी कर लिया गया। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी इकराम अहमद पुत्र गुलफाम अहमद ने बताया कि उसकी मुहल्ले में ही किराने की दुकान है। चोरों ने 1200 रूपये की नकदी के अलावा 21 डिब्बी सिगरेट, गुटखों के पैकेट, बैटरी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# नांगल, कामराजपुर, मानपुर की टीमें जीतीं

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बजरंग क्रिकेट क्लब हरचंदपुर द्वारा आयोजित 16 वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में नांगल सोती की टीम ने चन्दोक की टीम को 4 विकेट से पराजित किया। दूसरे मैच में कामराजपुर ने और तीसरे मैच में मानपुर की टीम ने जीत हासिल की।


टिंकू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते आयोजक डालचंद पाल।

### 16वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता

गंगा खादर क्षेत्र में गंगा मंदिर के समीप स्थित मैदान पर शुक्रवार को अपराह्न 2.30 बजे से उक्त प्रतियोगिता शुरू हुई। उद्घाटन मैच में चन्दोक की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर्स में कुल 99 रन बनाये। संदीप ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक 30 रनों का और छोटू ने 19 रनों का योगदान दिया। नांगल की टीम के गेंदबाजों ऋतिक और गौरव ने 3-3 विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी नांगल की टीम ने टिंकू के 40 रनों और छोटू के 19 रनों की बदौलत 100 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीत लिया। चन्दोक की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनुज ने 3 और विक्की ने 2 विकेट हासिल किये। प्रतियोगिता के आयोजक सेवानिवृत्त फौजी डालचंद पाल ने नंगल के टिंकू को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्रदान करते हुए नांगल की टीम को जीत की शुभकामनायें दीं। दूसरे मैच में कामराजपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर्स में 148 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सराय आलम की टीम 80 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गयी। इस प्रकार कामराजपुर की टीम ने यह मैच 68 रनों से जीत लिया। कामराजपुर के अंशुल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच मानपुर और मायापुरी की टीमों के मध्य खेला गया। मायापुरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर्स में 92 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मानपुर की टीम ने 2 विकेट खोकर ही आसानी से 93 रन बनाकर मैच जीत लिया। मानपुर के आरुष देशवाल को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

# पुत्रवधू ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

## किसान नेता मदन राणा ने आरोपों को बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत बताया


**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नव विवाहिता पुत्रवधू ने किसान नेता अपने ससुर पर दुष्कर्म एवं पति सास, ननद व नंदोई के भाई पर दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में नव विवाहिता ने बताया कि गत 19 फरवरी को उसका विवाह थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला निवासी मदन राणा के पुत्र वंशज राणा से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति एवं ससुराल के अन्य लोग दहेज की और मांग करते हुए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। पीड़िता का कहना है कि इसी बीच बीती 25 मई को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और 3 जून को जब वह ससुराल में अपने कमरे से अपने कपड़े लेने गई तो आरोप है कि उसके ससुर मदन राणा ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और उसके पति वंशज राणा, उर्मिला, ननद आकांक्षा एवं नंदोई के भाई अतुल शर्मा ने उसके साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की कोशिश की। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 85/115(2)/74 व दहेज अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उधर इस संबंध में भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष मदन राणा ने पुलिस पर एक पक्षीय कार्यवाही का आरोप लगाया और पुत्रवधू द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत बताते हुए स्वयं के साथ एक बड़ी साजिश करार दिया। मदन राणा ने कहा कि उन्होंने अथवा उनके पुत्र ने इससे पूर्व अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगा रखी है और अफजलगढ़ पुलिस को भी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाते हुए वास्तविकता से अवगत कराया गया है मगर पुलिस ने उनकी तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की है।

## मुढ़ाल के मौहम्मद अमीर प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



**बिजनौर (चिंगारी)।** आईडियल लेबर राइट्स सोसायटी (आईएलआरएस) ने सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए मोहम्मद अमीर निवासी ग्राम मुढ़ाला को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. ए. खान द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह नियुक्ति 01 मार्च 2026 से 30 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगी। संगठन ने उनसे अपेक्षा व्यक्त की है कि वे अपनी मेहनत एवं लगन से संगठन को मजबूत करेंगे तथा सोसायटी के संविधान एवं नियमों का पालन करते हुए कार्य करेंगे। नियुक्ति से अमीर के समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई।

## 'क्या ये अपराधी हैं सारे या बिलबिला रहे सत्ता के मारे'



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने पश्चिम बंगाल में सत्ता की मच रही लूट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से बंगाल की सत्ता बदलते ही, माननीय विधायक, संसद मुर्गे-बकरों की तरह बिक रहे हैं, इससे दो बातें सिद्ध होती हैं कि या तो ये सारे अपराधी हैं या ममता बनर्जी ने इन्हें इसी तरह सत्ता की ताकत से रोक रखा था, जैसे आज भाजपा की सरकार आते ही इन्होंने भगदड़ मचा दी। बंगाल के घटनाक्रम से ये सिद्ध हो गया है कि अब राजनीति कितनी दूषित हो गई है कि जनता ने जिसके विरुद्ध जनादेश दिया है, उसी से हाथ मिला लो, तो फिर क्यों इन तथा कथित सेक्युलर पार्टियों को वोट दिया जाएगा, जब बीजेपी को हरा कर भी नहीं हरा सकते तो बीजेपी को ही वोट किया जाये। जिसकी लाठी उसकी भैंस।

## मामूली सी बात पर मारपीट में पिता व दो पुत्र घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** मामूली सी बात को लेकर हुए विवाद के चलते टपरौला गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। टपरौला में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के कुछ लोगों द्वारा उनके घर के सामने लघु शंका करने का विरोध किया। मना करने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने कथित तौर पर उनके घर पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पथराव करने से हड़कंप मच गया। मारपीट मे नरेंद्र सिंह उसके पुत्र कुलदीप व अमनदीप घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने जबरन घर का दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया और पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## चलाया खेत बचाओ अभियान, किया जैविक खेती का आह्वान

**हल्दौर ( चिंगारी )।** विकास खंड हल्दौर के ग्राम मुबारकपुर तालान में 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि अधिकारी द्वारा की गई तथा संचालन डॉ. नरेंद्र मलिक सहायक विकास अधिकारी कृषि विकास खंड हल्दौर द्वारा किया गया। गोष्ठी के माध्यम से जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को जमीन की उर्वरता बनाए रखने सहफसली में दलहनी फसलों का समावेश जैविक खेती एवं मोटे अनाज श्री अन्न उगाने हेतु प्रेरित किया। सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा किसानों को धान की नर्सरी एवं पौधारोपण एवं फसल प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा 10 किसानों



को श्रीअन्न योजना के अंतर्गत बाजरा एवं कोदो मिनिकिट निःशुल्क वितरित की गई। गोष्ठी में विनीत तोमर, सागर तोमर, धर्मेंद्र कुमार, सतेंद्र कुमार, मनोज कुमार, वसीम खान, मनोज कुमार, संजय कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र कामिल जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा मेरे कहने सुनने में नहीं है। इसलिये मैं अपने पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। - **मौहम्मद इसरार पुत्र भूरा, निवासी ग्राम मुढ़ाला, मौहल्ला नूरपुर डालो, जिला बिजनौर।**

## चिकित्सा शिविर आयोजित



**नहटौर ( चिंगारी )। मौहल्ला नौधा स्थित नूर नर्सिंग होम में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ हाजी अब्दुल कादिर ने फीता काट कर किया। 220 मरीज़ों ने अपना पंजीकरण कराया। शिविर में डॉक्टर खलील अहमद, डॉक्टर सिमरन खलील, डॉक्टर सारिक आदि ने शिविर में आए लोगों की जांच की तथा जांच के उपरांत दवाइयां निःशुल्क दी। नूर हॉस्पिटल के मैनेजिंग डाईरेक्टर डॉक्टर मोहम्मद शारिक़ अंसारी, हाफ़िज़ अथर हसन, फारूक फौज़ी, रब्बानी अंसारी, डॉक्टर सलमान भारती, ज़हीन अंसारी, रक्तवीर महबूब अहमद, आफ़ताब अंसारी, साबिर शेख़ व रईस उसमानी आदि मौजूद रहे।**

## किसान अपने लिये चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें

### किसानों को जागरूकता अभियान की जानकारी दी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद सर्की स्थित भवानी मंदिर में कृषि विभाग धामपुर द्वारा आयोजित किये गए कार्यक्रम में किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान, खेत बचाओ अभियान, कृषक चौपाल एवं जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। कल दोपहर हुए कार्यक्रम को कृषि वैज्ञानिक नगीना डा. के.के. सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा मुनव्वर अली, सहायक तकनीकी प्रबंधक कृषि विभाग धामपुर दुष्यंत गंगवार, पशु पालन विभाग से विजेंद्र सिंह आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृषकों को बीज, खाद, हरि




कृषि यंत्र, कृषि सोलर योजना, कार्य यंत्रोव जैविक खेती हेतु संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने तथा मिट्टी की जांच कराने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मवीर चौहान, अविनाश चौहान, सौरभ कुमार, देवेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान तेग बहादुर, घनश्याम सिंह, सुशील कुमार, पदम सिंह, जयपाल सिंह आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानवेंदर राजपूत ने की और संचालन युदीश कुमार किया।

# चोरों ने बर्तन व्यापारी की दुकान में घुसकर 70 हजार की नकदी चुराई

## दुकान में घुसा चोर सीसीटीवी में हुआ कैद

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला दरबारशाह में श्री सिद्धिविनायक मंदिर के सामने स्थित पुरुषोत्तम बर्तन स्टोर में चोरों ने दुकान के गल्ले में रखी 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना बुधवार व बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि की बताई गई है। शुक्रवार को जब दुकान स्वामी विपिन अग्रवाल ने गल्ला चेक किया तो नकदी गायब मिली। इसके बाद उन्होंने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर जाब्तागंज चौकी प्रभारी एसआई विनोद कुमार पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर चैनल गेट खोलकर दुकान के अंदर दाखिल हुआ था। यह पूरी घटना बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हालांकि दुकान के अंदर लगे अन्य कैमरों को चोर ने बंद कर दिया था, जिससे उसकी गतिविधियों की पूरी रिकॉर्डिंग नहीं हो सकी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में जुटी है। मामले की जांच कर रहे एसआई विनोद कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। दुकान स्वामी विपिन अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना के बाद आसपास के व्यापारियों में चिंता जताते हुए क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# कांग्रेस ने मतदाता पंजीकरण शिविर लगाकर नए वोटरों के फॉर्म भरे

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा मौहल्ला बिसातियान में कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष एवं वर्तमान सभासद खुर्रम अफजल के निवास पर मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नए मतदाताओं के वोटर पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 भरे गए तथा लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं नजीबाबाद प्रभारी सलाहुद्दीन सैफी, नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, डॉक्टर सलीम सैफी तथा बूथ अध्यक्ष व वर्तमान में सभासद खुर्रम अफजल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लेकर मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया।



# पालिका ने बाजारों में पॉलीथीन उन्मूलन अभियान चलाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद नजीबाबाद की टीम ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 12 जून 2026 जागरूकता एडवोकेसी एवं कलेक्टिव गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी श्रीमति मुक्ता सिंह के आदेशानुसार आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में नगर के मुख्य बाजारों में पॉलीथीन उन्मूलन अभियान चलाया। इस अभियान के तहत व्यापारियों को 'पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान में आदेश कुमार सैनी (सफाई एवं खाद्य निरीक्षक), विपिन चैहान (राजस्व निरीक्षक), आकाश, पंकज, काजी फैसल, राजेश, अरुण आदि कर्मचारी उपलब्ध रहे।



# पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। नगर के मौहल्ला सन्तोमालन निवासी मेडिकल स्टोर स्वामी नजीब पुत्र शरीफ अहमद ने 7 जून को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें मौहल्ला हवेलीतला निवासी मो. अयान उर्फ पुन्नी पुत्र इमरान की संलिप्तता सामने आई। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 7 जून की रात करीब 11:30 बजे वह मौहल्ला सन्तोमालन में घूम रहा था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अवधेश शर्मा, कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल हर्ष यादव, कांस्टेबल प्रियंक तोमर शामिल रहे। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी का चालान कर दिया।




# कैम्प लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर में व्यापारियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए एक स्थान पर कैम्प लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर गर्मी से निजात दिलाने का काम किया। कैम्प में सुरेंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, गुलजार अहमद, संचित अग्रवाल, डॉ. सलीम, वकार अहमद, यूनुस अहमद, नदीम अहमद, शाहनवाज अहमद आदि का सहयोग रहा।**

# अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी, एक की मौत

## तीन घायल



अफजलगढ़ ( चिंगारी )। सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार में ही सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नूरपुर क्षेत्र के ग्राम धौलागढ़ निवासी हिमांशु (26 वर्ष) पुत्र सुशील कुमार अपने दोस्तों शाने आलम पुत्र मोहम्मद अली, सरताज पुत्र हनीफ और सुजान पुत्र संजीव निवासीगण चांगीपुर थाना नूरपुर के साथ कार से नूरपुर से क्रिकेट खेलने के लिए जसपुर (उत्तराखंड) जा रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी कार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर राजौरी के पास स्थित पुलिया के निकट पहुंची तभी अचानक कार के सामने कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। वहीं डॉक्टर ने सरताज की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शानेआलम और सुजान को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष विजेंद्र राठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रेम विवाह के बाद शुरू हुआ सास-बहू विवाद

# प्रियांशी की मौत पर ही शांत हुआ

## पति समेत पांच पर मुकदमा

स्योहारा ( चिंगारी )। ग्राम गल्लाखेड़ी में प्रेम विवाह के बाद से चल रहे पारिवारिक विवाद ने एक दुखद मोड़ ले लिया। सास-बहू के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बीच आग से झुलसी प्रियांशी की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, देवर और ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 9 जून की रात प्रियांशी और उसकी सास के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के बाद प्रियांशी ने स्वयं को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी प्रियांशी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 11 जून को उसकी मौत हो गई। प्रियांशी की मौत के बाद उसके भाई ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति, सास, ससुर, देवर और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी निरीक्षक ने गल्लाखेड़ी पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मामले से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई और जांच को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम प्रियांशी का शव उसके ससुराल गल्लाखेड़ी लाया गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मायके से आए परिजन फूट-फूटकर रो पड़े, वहीं ससुराल पक्ष के लोगों की आंखें भी नम दिखाई दीं। देर शाम मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य निर्माण सेनानियों ने जनहित के मुद्दों पर किया विचार

# अगर नहीं हुआ सुधार, तो आन्दोलन को तैयार



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर ऋषिकेश शहीद स्मारक भवन में आयोजित की गई जिसमें जनहित के कई मुद्दों पर विचार विमर्श व गहन मंथन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर विचार किया गया। इसमें सुधार कैसे हो जिससे कि ऋषिकेश शहर को जाम से मुक्ति मिल पाए, ऋषिकेश में अतिक्रमण पर कारवाई कब होगी, ऋषिकेश देवभूमि है यहां नशे पर पूरी पाबंदी होनी चाहिए जिससे हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रख सके, ऋषिकेश शहर कूड़ा मुक्त होना चाहिए इसके लिए व्यवस्था क्यों नहीं हुई ऋषिकेश में किराएदारों का सत्यापन तुरंत लागू किया जाए, ऋषिकेश में गंगा को प्रदूषण मुक्त किया जाए जिन आश्रमों एवं बस्तियों की सीवर लाइन गंगा में जा रही हैं उन पर कार्रवाई क्यों नहीं होती हैं, राज्य निर्माण सेनानियों के चिन्हीकरण प्रक्रिया में विलंब क्यों, शासन प्रशासन तुरंत संज्ञान ले अन्यथा इसके लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। बैठक में समिति के अध्यक्ष डी एस गुसाईं, गंभीर सिंह मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, राजेश शर्मा, भूकंप पोखरियाल, युद्धवीर सिंह चौहान, रमेश रतूड़ी, चंदन सिंह पवार, गुलाब सिंह रावत, धर्मराज पुंडीर, पीतांबर दत्त बड़ कोठी, जगदंबा प्रसाद भट्ट, हरि सिंह नेगी, विशंभर दत्त डोभाल, बृजेश गोपाल, महेंद्र बिष्ट, मनोहर चौहान, अनिल भट्ट, दयाराम रतूड़ी, श्रीमती रामेश्वरी चौहान, लक्ष्मीपुर कोठी, कुसुम लता शर्मा, सरोजिनी थपलियाल, रविंद्र कौर, जय डोभाल, उर्मिला डबराल, सुशील राणा, कमला पोखरियाल, सतेश्वरी उनियाल, लाजवंती डंगवाल, सरला नेगी, सरला भट्ट, सरोजिनी भट्ट, देवेश्वरी चौहान, आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता बालवीर सिंह नेगी तथा संचालन गंभीर सिंह मेवाड ने किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योगाचार्य डॉ. विपिन जोशी विदेश रवाना

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** योग महोत्सव के प्रणेता और दून योगपीठ के संस्थापक योगाचार्य डा.बिपिन जोशी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के छठे विश्व शांति अभियान के लिए वियतनाम और कंबोडिया के 11 दिवसीय विशेष अभियान के लिए कल रवाना हो रहे हैं। डॉ. जोशी वियतनाम की राजधानी हनोई और प्रमुख शहर डा नाग के प्रतिष्ठित योग संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2826 के योग कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सहभाग करेंगे साथ ही कंबोडिया में भी योग, भारतीय संस्कृति संस्कारों और रीति रिवाजों का प्रचार प्रसार करेंगे। जोशी अपने साथ पवित्र गंगाजल, रुद्राक्ष मालाएं, देवभूमि उत्तराखंड की टोपियों के साथ-साथ देवभूमि उत्तराखंड का प्रसाद भी ले जा रहे हैं। वह वर्तमान परिवेश में जब संपूर्ण विश्व बारूद की ढेर में बैठा है ईरान, अमरीका, रूस और यूक्रेन, इजरायल खाड़ी देशों के मध्य भयंकर युद्ध चल रहे, योग और ध्यान द्वारा युद्ध से बुद्ध के संदेश के साथ साथ देवभूमि उत्तराखंड मे योग और ध्यान के लिए आमंत्रित भी करेंगे। आज देहरादून गांधी पार्क में योग साधकों द्वारा उनका विशेष सम्मान और विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।




# जेसीबी लेकर अभियान चलाया मंदिर के सामने से अतिक्रमण हटाया



कोटद्वार तहसील प्रशासन ने सिद्धबली मंदिर के गेट के सामने किए गए अतिक्रमणों को हटाया।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम व जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने के लिए संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें अभियान चला रही हैं। इस क्रम में कोटद्वार प्रशासन ने सिद्धबली मंदिर के गेट के समक्ष किये गये 61 अवैध अतिक्रमणों को हटाया। लोक निर्माण विभाग, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम सिद्धबली मंदिर के गेट के सामने पूर्व में चिन्हित 61 अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने पहुंची। तत्पश्चात जेसीबी की सहायता से अवैध ढांचों और अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को सुगम एवं सुरक्षित बनाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि और सार्वजनिक मार्गों पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे। अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी भी दी गई। अभियान के दौरान प्रशासन एवं पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब की स्वर्ण जयंती संबंधी बैठक कल

**कोटद्वार (चिंगारी)।** रोटरी क्लब के पदाधिकारियों द्वारा रविवार को तीलू रौतेली चौक स्थित एक बारातघर के सभागार में रोटरी स्वर्ण जयन्ती समारोह को लेकर पत्रकार वार्ता की जायेगी, जिसमें चेयरमैन स्वर्ण जयंती समारोह वाई. पी. गिलरा एवं क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन एवं पदाधिकारी क्लब द्वारा अब तक कोटद्वार व गढ़वाल क्षेत्र में किए गए सामुदायिक, व्यावसायिक व अंतर्राष्ट्रीय सेवा कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। यह जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी गोपाल बंसल ने दी।

# चलो दर्शन को मेहन्दीपुर चलिये...

## पूर्ण आहुति के साथ बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव समाप्त

**कोटद्वार (चिंगारी)।** श्री बालाजी मंदिर का 23वां वार्षिकोत्सव को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। समापन से एक दिन पूर्व मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी महाराज को 56 भोग अर्पित करने एवं विशेष आरती के साथ हुई। इसके बाद आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने किया। प्रसिद्ध भजन गायक संजू ने 'मेरी नैया पार लगा दो बालाजी', 'बाबा तेरे दर पर आया हूं', 'बोलो बालाजी महाराज की' और 'चलो दर्शन को मेहंदीपुर चलिए' सहित कई लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते नजर आए। वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व महापौर हेमलता नेगी, पार्षद आरती खर्कवाल, वीरेंद्र सिंह रावत, मंदिर के संस्थापक दिनेश ऐलावादी, उद्यमी हरिकृष्ण कंसल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, रामनारायण गर्ग, शिव कुमार अग्रवाल और राकेश खुराना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे - प्रेमचंद



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री दीपांकर घिल्डियाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्रीय जनसमस्याओं, विशेष रूप से समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की डॉ. अग्रवाल ने अवगत कराया कि नवनिर्मित ग्राम पंचायत असेना एवं सिराई में परिवार रजिस्टर न होने के कारण अनेक पात्र नागरिकों को वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने दीपांकर घिल्डियाल को शीघ्र कार्यवाही कर पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, ऐसे में किसी भी पात्र व्यक्ति का वंचित रहना उचित नहीं है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि केवल असेना एवं सिराई ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे वंचित लोगों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि अनिल पडियार, पंचायत सदस्य अनिल बुटोला, रायवाला ग्राम प्रधान सागर गिरि, साहब नगर ग्राम प्रधान श्रीमती भावना गुरुंग, जोगीवाला माफी ग्राम प्रधान श्री शैलेन्द्र रांगड़ आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# युवती से शादी की जिद को लेकर आधी रात में टावर पर चढ़ा फ़ैज़ान

**स्योहारा ( चिंगारी )। एक युवती से शादी करने की जिद को लेकर अलादीनपुर गांव में शुक्रवार देर रात एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया, जिससे से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कई घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सकुशल नीचे उतार लिया।**

बुढ़नपुर निवासी फैजान आलम पुत्र जफर शुक्रवार रात लगभग 12 बजे अलादीनपुर स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और गांव निवासी एक युवती से शादी करने की जिद करने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

डायल-112 की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अंधेरा और टावर की ऊंचाई के कारण रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण रहा। पुलिस ने युवक से लगातार संवाद बनाए रखा।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने सिपाही अमजद खान व स्थानीय लोगों की मदद से टावर पर चढ़कर फैजान को समझाया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद युवक मान गया और पुलिस टीम उसे सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही। पुलिस ने युवक की हालत खराब होने पर उसे परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।


**वधू चाहिए**

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150




## भाजपा नेताओं ने जलभराव की स्थिति का जायजा लिया

किरतपुर ( चिंगारी )। मोहल्ला अम्बेडकर नगर में भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, पूर्व भाजपा प्रत्याशी एवं नामित सभासद संजीव सोनू वर्मा व नामित सभासद रुकमणी कश्यप ने अमृत सरोवर व बस्ती में जल भराव की स्थिति का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद किरतपुर से गौरव पाराशर ने भेंट कर मोहल्ला अम्बेडकर नगर में स्थित अमृत सरोवर में नालियों के गंदे पानी जाने व मोहल्ले में गंदगी, जलभराव, जल निकासी एवं जैन मंदिर चौराहे पर बरसात का पानी रुकने एवं अन्य विषय को लेकर भेंट की। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद किरतपुर ने यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।।











